# <u>संगीता अग्रवाल छात्रवृत्ति की घोषणा</u>

**पंतनगर, 31 अगस्त, 2026**। विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के एल्यूमिनाई सेल (पी.टी.ए.ए.) के तत्वावधान में प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के वर्ष 1973–1978 बैच के पूर्व छात्र श्री सुबोध कुमार अग्रवाल द्वारा उनकी पत्नी श्रीमती संगीता अग्रवाल को समर्पित एक छात्रवृति ***"संगीता अग्रवाल छात्रवृत्ति"*** स्थापित करने के लिए प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के पूर्व छात्र संगठन के साथ एक करार कर हस्ताक्षर किए गए।

इस छात्रवृत्ति के लिए श्री सुबोध कुमार अग्रवाल द्वारा **₹5,00,000/- (पाँच लाख रुपये)** की धनराशि पी.टी.ए.ए. के खाते में **कॉरपस फंड** के रूप में प्रदान की गई है।

*ये छात्रवृत्ति विद्युत अभियांत्रिकी के द्वितीय/तृतीय/चतुर्थ वर्ष के किसी एक छात्र को द्वितीय सत्र में रुपये 30 हजार मात्र की आर्थिक सहायता प्रदान करेगी*

इस अवसर पर प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता **डा. एस. एस. गुप्ता** ने श्री सुबोध कुमार अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका यह सहयोग विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि श्री अग्रवाल की इस पहल से अन्य पूर्व छात्र भी आगे बढ़कर विश्वविद्यालय एवं विद्यार्थियों के हित में सहयोग करने के लिए प्रेरित होंगे।

कार्यक्रम में **डा. एस. एस. गुप्ता, अधिष्ठाता, प्रौद्योगिकी महाविद्यालय**, महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक तथा पी.टी.ए.ए. के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन **डा. विनोद कुमार, महासचिव, पी.टी.ए.ए.** द्वारा किया गया।



**श्री सुबोध कुमार अग्रवाल अधिष्ठाता डॉ एस0एस0 गुप्ता के साथ करारनामा की प्रति हस्तांतरित करते हुए**